ॐ ह्रीं श्री चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय मोक्षफल प्राप्ताय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

दर्शन ज्ञानाचरण तपोमय, आराधन खोले शिव द्वार।
पद अनर्घ अविलम्ब प्राप्त हो, हो स्वरूप मेरा शिवकार।।
चंवलेश्वर शुभ तीर्थ मनोहर, महिमा जिसकी रही महान।
भाव सहित पूजा करने से, होता भव्यों का कल्याण।।

ॐ ह्रीं श्री चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अनर्घ्य पद प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतिधारा दे रहे, चरणों में धर ध्यान।
भाव सहित हम कर रहे, जिनवर का गुणगान।।
शान्तये शांतिधारा.....

पुष्पाञ्जलि करते यहाँ, ले हाथों में पुष्प।
करने को अपने विशद, कर्म सभी निर्मूल।।
पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्

जयमाला

दोहा– **थाल भरा वसुद्रव्य का, दीपक लिया प्रजाल।**
चंवलेश्वर के पार्श्व की, गाते हम जयमाल।।

(तामरस छन्द)

चित् चिंतामणि नाथ नमस्ते, शुभ भावों के साथ नमस्ते।
ज्ञान रूप ओंकार नमस्ते, त्रिभुवन पति आधार नमस्ते।।1।।
श्री युत श्री जिनराज नमस्ते, भव सर मध्य जहाज नमस्ते।
सद् समता युत संत नमस्ते, मुक्ति वधु के कंत नमस्ते।।2।।
सद्गुण युत गुणवन्त नमस्ते, पार्श्वनाथ भगवंत नमस्ते।
अरि नाशक अरिहंत नमस्ते, महा महत् महामंत्र नमस्ते।।3।।
शांति दीप्ति शिव रूप नमस्ते, एकानेक स्वरूप नमस्ते।
तीर्थंकर पद पूत नमस्ते, कर्म कलिल निर्धूत नमस्ते।।4।।

धर्म धुराधर धीर नमस्ते, सत्य शिवं शुभ वीर नमस्ते।
करुणा सागर नाथ नमस्ते, चरण झुका मम् माथ नमस्ते।।5।।
जन-जन के शुभ मीत नमस्ते, भव हर्ता जगजीत नमस्ते।
बालयति आधीश नमस्ते, तीन लोक के ईश नमस्ते।।6।।
धर्म धुरा संयुक्त नमस्ते, सद् रत्नत्रय युक्त नमस्ते।
निज स्वरूप लवलीन नमस्ते, आशा पाश विहीन नमस्ते।।7।।
वाणी विश्व हिताय नमस्ते, उभय लोक सुखदाय नमस्ते।
जित् उपसर्ग जिनेन्द्र नमस्ते, पद पूजित सत् इन्द्र नमस्ते।।8।।
पार्श्वनाथ भगवान नमस्ते, चंवलेश्वर स्थान नमस्ते।
चौबीसों भगवान नमस्ते, पार्श्व तलहटी धाम नमस्ते।।9।।

दोहा- **भक्त्याष्टक नित जो पढ़े, भक्ति भाव के साथ।**
सुख सम्पति ऐश्वर्य पा, हो त्रिभुवन का नाथ।।

ॐ ह्रीं श्री चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय जयमाला अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा- **चरण शरण के भक्त की, भक्ति फले अविराम।**
मुक्ति पाने के लिए, करते विशद प्रणाम्।।

।। इत्याशीर्वादः पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत् ।।

तलहटी स्थित पार्श्वनाथ जिन पूजा

स्थापना

चंवलेश्वर गिरि तीर्थराज में, रही तलहटी अपरम्पार।
पार्श्वनाथजी जहाँ विराजे, अतिशय कारी मंगलकार।।
नाटी काकी का मंदिर शुभ, चारों ओर रहा विख्यात।
जीर्णोद्धार कराया आके, विशद सिन्धु ने आ पश्चात।।
तीन लोक में पूज्य पार्श्व प्रभु, का हम करते आह्वानन।
उनके चरण कमल में करते, श्रद्धा सहित परम अर्चन।।

ॐ ह्रीं चँवलेश्वर तलहटी स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननं। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं, अत्र मम सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणं।

हे पार्श्व प्रभु तव ज्ञान गंग से, समकित जल पाने आए।
मिथ्या मृगतृष्णा में भटके, हम भवसागर में भरमाए।।
अब जन्म जरा के नाश हेतु, प्रभु नीर चढ़ाने लाए हैं।
हे नाथ ! आपके चरणों में, सौभाग्य जगाने आए हैं।।1।।

ॐ ह्रीं चँवलेश्वर तलहटी स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय जन्म-जरा-मृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

हम झुलस रहे भव तापों में, हमने अतिशय कई दुःख पाए।
सम शीतलता पाने अनुपम, प्रभु चरण-शरण में हम आए।।
हम भवाताप के नाश हेतु, यह शीतल चन्दन लाए हैं।
हे नाथ ! आपके चरणों में, सौभाग्य जगाने आए हैं।।2।।

ॐ ह्रीं चँवलेश्वर तलहटी स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय भवताप विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रतिक्षण नश्वर पर्यायों में, हम भूल गये निज के पद को।
उपसर्ग जयी हे पार्श्व प्रभु, अब दिखला दो मुक्तिपथ को।।
अक्षय अक्षत यह श्रेष्ठ प्रभु, हम पूजा करने लाए हैं।
हे नाथ ! आपके चरणों में, सौभाग्य जगाने आए हैं।।3।।

ॐ ह्रीं चँवलेश्वर तलहटी स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्ताय अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

है कामदेव का वाण महा, उससे बचना मुश्किल होता।
प्रभु पार्श्वनाथ के आगे वह, अपनी सारी शक्ति खोता।।
हम कामवाण के शमन हेतु, यह पुष्प मनोहर लाए हैं।
हे नाथ ! आपके चरणों में, सौभाग्य जगाने आए हैं।।4।।

ॐ ह्रीं चँवलेश्वर तलहटी स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

शुद्धातम की महिमा हमने, अब तक प्रभु जान न पाई है।
परद्रव्यों द्वारा आत्म तत्त्व की, भूख मिटाना चाही है।।
अब क्षुधा व्याधि के नाश हेतु, नैवेद्य बनाकर लाए हैं।
हे नाथ ! आपके चरणों में, सौभाग्य जगाने आए हैं।।5।।

ॐ ह्रीं चँवलेश्वर तलहटी स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

हम भटक रहे हैं सदियों से, प्रभु मोह महातम नाश करो।
अब दूर करो अज्ञान हमारा, मन मंदिर में वास करो।।
प्रभु मोह-तिमिर के नाश हेतु, हम दीप जलाकर लाए हैं।
हे नाथ ! आपके चरणों में, सौभाग्य जगाने आए हैं।।6।।

ॐ ह्रीं चँवलेश्वर तलहटी स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रभु ध्यान अग्नि में संयम युत, हम धूप जलाने लाए हैं।
इन्द्रिय मन को वश में करके, शुभ ध्यान लगाने आए हैं।।
अब अष्ट कर्म विध्वंस हेतु, यह धूप बनाकर लाए हैं।
हे नाथ ! आपके चरणों में, सौभाग्य जगाने आए हैं।।7।।

ॐ ह्रीं चँवलेश्वर तलहटी स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अष्टकर्मविध्वंसनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्मों के फल से पीड़ित हो, अब मुक्ति फल पाने आये।
जिन सिद्ध सुपद पाने हेतु, हमने जिनवर के गुण गाये।।
हम मोक्ष महाफल प्राप्त करें, प्रभु भाव बनाकर आये हैं।
हे नाथ ! आपके चरणों में, सौभाग्य जगाने आए हैं।।8।।

ॐ ह्रीं चँवलेश्वर तलहटी स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्ताय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

हे परमानन्द सुखामृत धारी, गुण अनन्त के अनुपम कोष।
तुम चिदानन्द चैतन्य स्वरूपी, नित्य निरंजन हो निर्दोष।।
हम निज अनर्घपद प्राप्त करें, प्रभु अर्घ्य बनाकर लाये हैं।
हे नाथ ! आपके चरणों में, सौभाग्य जगाने आए हैं।।9।।

ॐ ह्रीं चँवलेश्वर तलहटी स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा– ले बनास का नीर हम, देते जल की धार।
शांति धारा दे रहे, पाने शांति अपार।। *शांतये शांतिधारा...*

दोहा– पुष्पाञ्जलि करते यहाँ, पुष्प लिए शुभ हाथ।
पार्श्व प्रभु के चरण में, झुका रहे हम माथ।। *पुष्पाञ्जलि क्षिपामि*

जयमाला

दोहा– चँवलेश्वर गिरि के तले, पार्श्वनाथ भगवान।
जयमाला गाके यहाँ, करते हम गुणगान।।

(पद्धडि छन्द)

शुभ जम्बूद्वीप अतिशय महान, है भरत क्षेत्र जिसमें प्रधान।
शुभ राजस्थान जिसमें प्रदेश, है जिसके मध्य मेवाड़ देश।।
है जिला भीलवाड़ा महान, शुभ पोस्ट राजगढ़ है प्रधान।
इक चैनपुरा है जहाँ ग्राम, तहँ चँवलेश्वर है तीर्थ धाम।।

शुभ तीर्थराज के पास जान, शुभ बनी तलहटी है महान।
बारह सौ अठत्तर श्रेष्ठ जान, विक्रम की संवत् रही मान।।
एक सेठ रहा नथमल प्रधान, नाटी काकी जिसकी सुजान।
गिरि पर जिससे चढ़ा न जाए, मन में दर्शन बिन खेद पाय।।
मंदिर बनवाया था महान, पारस प्रभु का अतिशय प्रधान।
नथमल श्रेष्ठी ने शुभाकार, पारस प्रभु बैठे जिस मझार।।
यहाँ पास बहे सरिता बनास, जहाँ होती सबकी पूर्ण आस।
यहाँ यात्री आते हैं अपार, करके वह आते नदी पार।।
शुभ समवशरण में पार्श्वनाथ, मुनि गणधरादि थे सभी साथ।
आया था कहते सभी लोग, शुभ दिव्य ध्वनि का मिला योग।।
यह क्षेत्र रहा अतिशय विशाल, मन्दिर के बाजू क्षेत्रपाल।
जो अतिशयकारी है महान, हो मनोकामना पूर्ण आन।।
तिथि अश्विन कृष्णा दोज मान, शुभ क्षमा पर्व होवे महान।
यहाँ पौष वदी दशमी सुजान, शुभ मेला होता है प्रधान।।
अभिषेक होय प्रभु का महान, सब श्रावक करते नृत्यगान।
जिनमंदिर मूर्ति काल पाय, हो गया ध्वस्त न कोई जाय।।
आचार्य विशद सागर ससंघ, दर्शन को आये भर उमंग।
मूर्ति को देखा इस प्रकार, मन हुआ गुरु का क्षार–क्षार।।
मन्दिर का जीर्णोद्धार होय, आगे आया न वहाँ कोय।
गुरु किए कोटडी में प्रवेश, कैलाश दोय पहुँचे विशेष।।
मन्दिर की चर्चा किए लोग, तब जीर्णोद्धार का बना योग।
निर्माण में आये कई विघ्न, वह गुरु–कृपा से हुए छिन्न।।
सन् दो हजार ग्यारह महान, शुभ सात से बारह मार्च जान।
करके कल्याणक फिर यथेष्ठ, चौबीसी जिन पधराए श्रेष्ठ।।
उनके चरणों करते प्रणाम, हम भी पा जाएँ मोक्ष धाम।
यह श्रेष्ठ बना मन्दिर विशाल, हैं द्वार प्रभु के रक्षपाल।।
देखे सपना जो सभी लोग, वह पूर्ण हुआ गुरु के सुयोग।
नभ में जब तक हो रवि वास, प्रभु का फैले नूतन प्रकाश।।
हम मान रहे गुरु का आभार, गुरु का दर्शन हो बार–बार।
अगहन कृष्णा एकम सुजान, पच्चिस सौ सैंतिस है निर्वाण।।

लघु धी से भक्ति किए आन, गुण ग्रहण करो ज्ञानी महान।
जब तक न पाएँ मुक्ति वास, तब तक चरणों में रहे बास।।

दोहा– पार्श्व प्रभु के दर्श का, हो सपना साकार।
विशद चरण पद वन्दना, करते बारम्बार।।

ॐ ह्रीं चँवलेश्वर तलहटी स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा– चँवलेश्वर गिर के तथा, नीचे पारस नाथ।
करके प्रभु की वन्दना, चरण झुकाते नाथ।।

इति पुष्पाञ्जलिं क्षिपामि

श्री सर्वतोभद्र जिनालय पूजा

स्थापना

विशद सर्वतोभद्र जिनालय, चँवलेश्वर में अपरम्पार।
चतुर्दिशा जिनबिम्ब विराजे, जिनपद वन्दन बारम्बार।।
हृदय कमल में जिनबिम्बों का, करते हैं हम आह्वानन।
सुरभित पुष्प समर्पित करके, करते हैं शत–शत वंदन।।
रहे हृदय में वास हमारे, विशद भावना भाते नाथ।
तव चरणों में मनोयोग से, झुका रहे हम अपना माथ।।

ॐ ह्रीं सर्वतोभद्र श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्र ! अवतर–अवतर संवौषट् आह्वाननं। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं, अत्र मम सन्निहितो भव–भव वषट् सन्निधिकरणं।

जिनालय है मंगलकारी, श्री सर्वतोभद्र जिनालय पूजो शुभकारी।
भव की तृषा मिटाना मुश्किल, है अति दुःखकारी, निर्मल नीर गरम कर लाए, हम मिथ्याहारी।।
जिनालय है मंगलकारी।।1।।

ॐ ह्रीं सर्वतोभद्र श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय जन्म–जरा–मृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

पद वन्दन को चन्दन लाए, सुरभित शुभकारी।
भव संताप मिटाने आए, होकर अविकारी।। जिनालय है मंगलकारी।।2।।

ॐ ह्रीं सर्वतोभद्र श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय भवतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

शिव नायक शिव दायक जिन हैं, शुभ अतिशयकारी।
अक्षयपद दायक अक्षत यह, लाए अविकारी।। जिनालय है मंगलकारी।।3।।

ॐ ह्रीं सर्वतोभद्र श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्ताय अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

काम दाह भारी दुःखदायक, पाते नर–नारी।
पुष्प समर्पित करने लाए, शुभ मंगलकारी।। जिनालय है मंगलकारी।।4।।

ॐ ह्रीं सर्वतोभद्र श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

क्षुधा वेदना सारे जग में, है पीड़ाकारी।
ताजे शुभ नैवेद्य बनाकर, लाए मनहारी।। जिनालय है मंगलकारी।।5।।

ॐ ह्रीं सर्वतोभद्र श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मोह महातम तीन लोक में, है मिथ्याकारी।
घृत के दीप जलाकर लाए, यह भव तमहारी।। जिनालय है मंगलकारी।।6।।

ॐ ह्रीं सर्वतोभद्र श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

अष्ट कर्म शत्रु चेतन के, हैं अतिशयकारी।
धूप जलाते नाश हेतु यह, सुरभित मनहारी।। जिनालय है मंगलकारी।।7।।

ॐ ह्रीं सर्वतोभद्र श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अष्टकर्मविध्वंसनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

मोक्ष महाफल पाया तुमने, शिवपद के धारी।
फल अर्पित करते तव, चरणों अब मेरी बारी।। जिनालय है मंगलकारी।।8।।

ॐ ह्रीं सर्वतोभद्र श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्ताय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

वसु विध अर्घ्य समर्पित तव पद, वसु गुण के धारी।
अर्घ्य चढ़ाते यह सर्वोत्तम, पद अनर्घकारी।। जिनालय है मंगलकारी।।9।।

ॐ ह्रीं सर्वतोभद्र श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा– शांति धारा दे रहे, भव की शांति हेत।
पार्श्व प्रभु के पद युगल, भक्ति भाव समेत।।*शांतये शांतिधारा...*

दोहा– पुष्पों से पुष्पाञ्जलि, देते हम शुभकार।
भव की बाधा शांत कर, पाने मुक्ति द्वार।। *पुष्पाञ्जलि क्षिपामि*

जयमाला

दोहा– श्री सर्वतो भद्र जिन, का करते गुणगान।
जयमाला गाते विशद, करने निज कल्याण।।

(छन्द तोटक)

जिनबिम्ब सर्वतो भद्र अहा, शुभ समवशरण प्रतिरूप रहा।
जो भव सिन्धु का सेतु कहा, फल पाया जिसने जोय चहा।।1।।

भवि तारक दोष निवारक है, विपरीत विभाव विदारक है।
निर आश्रय आश्रव बान रहा, जिनबिम्ब..... ।।2 ।।
भव तारण तरण जहाज सही, निज द्रव्य सुगुण पर्याय रही।
दुःख कारक द्वेष निवार कहा, जिनबिम्ब..... ।।3 ।।
समयामृत पूरित देव कहे, परकृत उपसर्ग न लेश रहे।
अविनाशी हैं जिनदेव महा, जिनबिम्ब..... ।।4 ।।
जिन चरण शरण अघ हारक हैं, जन्मादि रोग निवारक हैं।
भव तारक श्री जिनदेव लहा, जिनबिम्ब..... ।।5 ।।
भव वास त्रास अघनाशक हो, निज चेतन ज्ञान प्रकाशक हो।
फलदायक जो जन जोय चहा, जिनबिम्ब..... ।।6 ।।
श्री जिनवर अतिशय वान रहे, जो गुण अनन्त के कोष कहे।
जिनवर को केवल ज्ञान रहा, जिनबिम्ब..... ।।7 ।।
जिनदास के त्रास निवारक हैं, प्रभु वीतरागता धारक हैं।
जिन मुखतें आगम स्रोत बहा, जिनबिम्ब..... ।।8 ।।
जिनवर दर्शन के लायक हैं, शुभ सम्यक् दर्श प्रदायक हैं।
जिनने क्षायक शुभ दर्श लहा, जिनबिम्ब..... ।।9 ।।
जिन ज्ञान उपाए क्षायक हैं, अतएव भक्ति के लायक हैं।
तुम शरणागत को शरण महा, जिनबिम्ब..... ।।10 ।।
जिन 'विशद' ज्ञान प्रगटायक हैं, शुभ मुक्ति पथ के नायक हैं।
तव शिवपुर में शुभ वास रहा, जिनबिम्ब..... ।।11 ।।

(छन्द – घत्तानन्द)

श्री सर्वतो भद्र जिन, का करते गुणगान।
जयमाला गाते विशद, करने निज कल्याण।।

ॐ ह्रीं सर्वतोभद्र श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा– आप स्वयं कल्याण मय, करते पर कल्याण।
'विशद' भाव से भक्त जन, करते तव गुणगान।।

इत्याशीर्वादः

श्री चंवलेश्वर पार्श्वनाथ चालीसा

दोहा– परमेष्ठी जिन पाँच का, जपूँ निरन्तर नाम।
चंवलेश्वर में पार्श्व जिन, के पद करूँ प्रणाम।।

चौपाई

जय–जय पार्श्वनाथ शिवकारी, महिमा तुमरी जग में न्यारी।
तुम हो तीर्थंकर पद धारी, तीन लोक में मंगलकारी।।
काशी नगरी है मनहारी, सुखी जहाँ की जनता सारी।
राजा अश्वसेन कहलाए, रानी वामादेवी गाए।।
जिनके गृह में जन्मे स्वामी, पार्श्वनाथ जिन अन्तर्यामी।
देवों ने तब रहस्य रचाया, पाण्डुक वन में न्हवन कराया।।
वन में गये घूमने भाई, तपसी प्रभु को दिया दिखाई।
पञ्चाग्नि तप करने वाला, अज्ञानी या भोला भाला।।
तपसी क्यों तुम आग जलाते, हिंसा करके पाप कमाते।
नाग युगल जलते है कारे, मरने वालें हैं बैचारे।।
तपसी ने ले हाथ कुल्हाड़ी, जलने वाली लकड़ी फाड़ी।
सर्प देख तपसी घबराया, प्रभु ने उनको मंत्र सुनाया।।
नाग युगल मृत्यु को पाए, पद्मावती धरणेन्द्र कहाए।
तपसी मरकर स्वर्ग सिधाया, कमठ नाम था जिसने पाया।।
प्रभु बाल ब्रह्मचारी गाए, संयम पाकर ध्यान लगाए।
इक दिन कमठ वहाँ पर आया, उसके मन में बैर समाया।।
किए कई उपसर्ग निराले, मन को कम्पित करने वाले।
फिर भी ध्यान मग्न थे स्वामी, बनने वाले थे शिवगामी।।
धरणेन्द्र पद्मावती आये, प्रभु के पद में शीश झुकाए।
पद्मावती ने फण फैलाया, उस पर प्रभुजी को बैठाया।।
धरणेन्द्र ने माया दिखलाई, फण का क्षत्र लगाया भाई।
प्रभु ने केवलज्ञान जगाया, समवशरण देवेन्द्र बनाया।।
दिव्य देशना प्रभु सुनाए, भव्यों को शिवमार्ग दिखाए।
शहर दरीवा यहाँ बखाना, सात कोष जिसका पैमाना।।
श्यामा सेठ जहाँ के वासी, राज भद्र गोत्री विश्वासी।
नथमल जिनका पुत्र बताया, पूरणमल ग्वाला कहलाया।।

गैया ने जब दूध झराया, सेठ को ग्वाले ने बतलाया।
सेठ के मन में अचरज आया, प्रातः सपना उसे दिखाया।।
यहाँ श्रेष्ठ जिनबिम्ब समाया, उसने लोगों को बतलाया।
धीरे-धीरे खोदा भाई, उसमें अनुपम मूर्ति पाई।।
फण से युक्त मूर्ति शुभ जानो, प्रातिहार्य युत अनुपम मानो।
चैनपुरा एक ग्राम बताया, भीलवाड़ा शुभ जिला कहाया।।
काली घाटी वहाँ बताई, अतिशय मनमोहक है भाई।
राजस्थान प्रान्त शुभ गाया, उसका भी मेवाड़ बताया।।
मंदिर का निर्माण कराया, जिसमें प्रतिमा को तिष्ठाया।
हुआ पञ्च कल्याणक भाई, दूर-दूर से जनता आई।।
दशमी शुभ वैशाख कहाई, सम्वत् सहसेक सप्त बताई।
नदी बनास के तट पर भाई, अतिरमणीक क्षेत्र सुखदाई।।
देवों से जो पूज्य कहाए, चमत्कार कई श्रेष्ठ दिखाए।
सेठ की नाटी काकी जानो, अतिवृद्ध जिसको पहिचानो।।
जो पर्वत पर चढ़ न पाई, नीचे मंदिर हो शुभ भाई।
हम भी जिन के दर्शन पाएँ, अपना जीवन सफल बनाएँ।।
तलहटी में मंदिर बनवाया, काकी का मंदिर कहलाया।
उसमें पार्श्व प्रभु पधराए, क्षेत्रपाल द्वारे लगवाए।।
ऊँचे सवा पाँच फुट जानो, श्री जिनेन्द्र के रक्षक मानो।
आचार्य विशद सागरजी आये, चौबीसी निर्माण कराये।।
भक्त कई चरणों में आते, मन की जो फरियाद सुनाते।
बना तिबारा बीच में भाई, निर्मल जल जिसमें सुखदायी।।
उससे जल भरकर के लाते, श्री जिन का अभिषेक कराते।
समवशरण आया था जानो, पार्श्व प्रभु का कहते मानो।।
क्वार शुक्ल दोज को भाई, कलशा होते हैं सुखदायी।
आसपास के श्रावक आते, क्षमा पर्व मिल सभी मनाते।।
भक्ती से जो ढोक लगाते, भोगी भोग सम्पदा पाते।
पुत्रहीन सुत पाते भाई, दुखिया पाते सुख अधिकाई।।
योगी योग साधना पाते, आत्म ध्यान कर शिव सुख पाते।
पौष वदी नौमी सुखदायी, ता दिन मेला लगता भाई।।
दूर-दूर से श्रावक आते, दर्शन कर सौभाग्य जगाते।

पूजा करते हैं नर-नारी, गीत भजन गाते मनहारी।।
हम भी यह सौभाग्य जगाएँ, बार-बार जिन दर्शन पाएँ।।

दोहा- पाठ करें चालीस दिन, दिन में चालिस बार।
चंवलेश्वर के पार्श्व का, पावें सौख्य अपार।।
सुख शांति सौभाग्य युत, तन हो पूर्ण निरोग।
''विशद'' ज्ञान को प्राप्त कर, पावें शिव पद भोग।।

पार्श्वनाथाष्टक

श्यामो वर्ण विराजितेति विमले श्यामोऽपि सर्पो स्मृतः।
श्यामो मेघनिघर्घरोपि च घटाश्यामं च रात्र्यखिलं।।
वर्षा मूसलधारणं च मखिलं कायोत्सर्गेणतां।
धरणेन्द्रो पद्मावती युगसुरं श्री पार्श्वनाथं नमः।।1।।
नमः श्री पार्श्वनाथाय त्रैलोक्याधिपतेर्गुरुः।
पापं च हरते नित्यं पार्श्वतीर्थस्य दर्शनम्।।2।।
ॐ ऐं क्लीं श्री धरणेन्द्र पद्मावती सहिताय अतुल बल।
पराक्रमाय ऐं ह्रीं क्लीं क्ष्म्ल्व्र्यूं नमः।।3।।
दर्शनं हरते पापं, दर्शनं हरते दुखं।
दर्शनं हरते रोगान्, व्याधिर्हरति दर्शनम्।।
ॐ आं क्रौं क्ष्म्ल्व्र्यूं नमः।।4।।
दर्शनाल्लभ्यते ज्ञानं, दर्शनाल्लभ्यते धनं।
दर्शनाल्लभ्यते पुत्रं, सुखी भवति दर्शनात्।।
ऐं ॐ अः नमः बार नव जाप्यं दीयते।।5।।
पुत्रार्थी लभते पुत्रं, धनार्थी लभते धनं।
विद्यार्थी लभते विद्यां, सुखी भवति निश्चितं।।6।।
राज्य-मान्यं भवेन्नित्यं, प्रजानां च विशेषतः।
दुर्जनाश्च क्षयं यांति, श्रेयो भवति संकटे।।7।।
इदं स्तोत्रं पठेन्नित्यं त्रि-संध्यं च विशेषतः।
गृहे भवति कल्याणं पार्श्वतीर्थस्तवेन च।।8।।

।। इति ।।

श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ पूजा प्रारम्भ

(स्थापना)

हे पार्श्व प्रभो ! हे पार्श्व प्रभो ! मेरे मन मंदिर में आओ।
विघ्नों को दूर करो स्वामी, जग में सुख शांति दर्शाओ।।
सब विघ्न दूर हो जाते हैं, प्रभु नाम तुम्हारा लेने से।
जीवन मंगलमय हो जाता, जिन अर्घ्य चरण में देने से।।
हे ! तीन लोक के नाथ प्रभु, जन-जन से तुमको अपनापन।
मम् हृदय कमल में आ तिष्ठो, है 'विशद' भाव से आह्वानन।।

ॐ ह्रीं सर्व कर्म बंधन विमुक्त, सर्व मंगलकारी श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्र अत्रावतरावतर संवौषट् इत्याह्वाननम्।

ॐ ह्रीं सर्व कर्म बंधन विमुक्त, सर्व लोकोत्तम श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्र अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं सर्व कर्म बंधन विमुक्त, जगत् शरण श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्र अत्र मम् सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणं।

गीता छन्द

स्वर्ण कलश में प्रासुक जल ले, जो नित पूजन करते हैं।
मंगलमय जीवन हो उनका, सब दुख दारिद हरते हैं।।
विघ्न विनाशक पार्श्व प्रभु की, पूजन आज रचाते हैं।
पद पंकज मैं विशद भाव से, अपना शीश झुकाते हैं।।1।।

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूँ ह्रौं ह्रः श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय जन्म, जरा, मृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

परम सुगन्धित मलयागिरि का, चन्दन चरण चढ़ाते हैं।
दिव्य गुणों को पाकर प्राणी, दिव्य लोक को जाते हैं।।
विघ्न विनाशक पार्श्व प्रभु की, पूजन आज रचाते हैं।
पद पंकज में विशद भाव से, अपना शीश झुकाते हैं।।2।।

ॐ भ्रां भ्रीं भ्रूं भ्रौं भ्रः श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय भवाताप विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

धवल मनोहर अक्षय अक्षत, लेकर अर्चा करते हैं।
अक्षय पद हो प्राप्त हमें प्रभु, चरणों में सिर धरते हैं।।

विघ्न विनाशक पार्श्व प्रभु की, पूजन आज रचाते हैं।
पद पंकज में विशद भाव से, अपना शीश झुकाते हैं।।3।।

ॐ म्रां म्रीं म्रूं म्रौं म्रः श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अक्षय पद प्राप्ताय अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

कमल चमेली वकुल कुसुम से, प्रभु की पूजा करते हैं।
मंगलमय जीवन हो उनका, सुख के झरने झरते हैं।
विघ्न विनाशक पार्श्व प्रभु की, पूजन आज रचाते हैं।
पद पंकज में विशद भाव से, अपना शीश झुकाते हैं।।4।।

ॐ व्रां व्रीं व्रूँ व्रौं व्रः श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय कामबाण विनाशनाय पुष्पम् निर्वपामीति स्वाहा।

शक्कर घृत मेवा युत व्यंजन, कनक थाल में लाये हैं।
अर्पित करते हैं प्रभु पद में, क्षुधा नशाने आये हैं।।
विघ्न विनाशक पार्श्व प्रभु की, पूजन आज रचाते हैं।
पद पंकज में विशद भाव से, अपना शीश झुकाते हैं।।5।।

ॐ घ्रां घ्रीं घ्रूं घ्रौं घ्रः श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय क्षुधा रोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

घृत के दीप जलाकर सुन्दर, प्रभु की आरति करते हैं।
मोह तिमिर हो नाश हमारा, वसु कर्मों से डरते हैं।।
विघ्न विनाशक पार्श्व प्रभु की, पूजन आज रचाते हैं।
पद पंकज में विशद भाव से, अपना शीश झुकाते हैं।।6।।

ॐ झ्रां झ्रीं झ्रूं झ्रौं झ्रः श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय महामोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

चंदन केशर आदि सुगंधित, धूप दशांग मिलाये हैं।
अष्ट कर्म हों नाश हमारे, अग्नि बीच जलाए हैं।।
विघ्न विनाशक पार्श्व प्रभु की, पूजन आज रचाते हैं।
पद पंकज में विशद भाव से, अपना शीश झुकाते हैं।।7।।

ॐ श्रां श्रीं श्रूं श्रौं श्रः श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अष्टकर्म दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री फल केला और सुपारी, इत्यादिक फल लाए हैं।
श्री जिनवर के पद पंकज में, मिलकर आज चढ़ाए हैं।।

विघ्न विनाशक पार्श्व प्रभु की, पूजन आज रचाते हैं।
पद पंकज में विशद भाव से, अपना शीश झुकाते हैं।।8।।

ॐ ख्रां ख्रीं ख्रूँ ख्रौ ख्रः श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्ताय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल फल आदिक अष्ट द्रव्य से, अर्घ समर्पित करते हैं।
पूजन करके पार्श्वनाथ की, कोष पुण्य से भरते हैं।।
विघ्न विनाशक पार्श्व प्रभु की, पूजन आज रचाते हैं।
पद पंकज में विशद भाव से, अपना शीश झुकाते हैं।।9।।

ॐ अ हां सि हीं आ हूँ उ हौं सा ह्: श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अनर्घ्य पद प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

दोहा – **माँ वामा के लाड़ले, अश्वसेन के लाल।**
विघ्न विनाशक पार्श्व की, कहते हैं जयमाल।।1।।

छन्द– नयमालिनी तथा चण्डी

चित् चिंतामणि नाथ नमस्ते, शुभ भावों के साथ नमस्ते।
ज्ञान रूप ओंकार नमस्ते, त्रिभुवन पति आधार नमस्ते।।2।।
श्री युत श्री जिनराज नमस्ते, भव सर मध्य जहाज नमस्ते।
सद् समता युत संत नमस्ते, मुक्ति वधु के कंत नमस्ते।।3।।
सद्गुण युत गुणवन्त नमस्ते, पार्श्वनाथ भगवंत नमस्ते।
अरि नाशक अरिहंत नमस्ते, महा महत् महामंत्र नमस्ते।।4।।
शांति दीप्ति शिव रूप नमस्ते, एकानेक स्वरूप नमस्ते।
तीर्थंकर पद पूत नमस्ते, कर्म कलिल निर्धूत नमस्ते।।5।।
धर्म धुरा धर धीर नमस्ते, सत्य शिवं शुभ वीर नमस्ते।
करुणा सागर नाथ नमस्ते, चरण झुका मम् माथ नमस्ते।।6।।
जन जन के शुभ मीत नमस्ते, भव हर्ता जगजीत नमस्ते।
बालयति आधीश नमस्ते, तीन लोक के ईश नमस्ते।।7।।
धर्म धुरा संयुक्त नमस्ते, सद् रत्नात्रय युक्त नमस्ते।
निज स्वरूप लवलीन नमस्ते, आशा पाश विहीन नमस्ते।।8।।
वाणी विश्व हिताय नमस्ते, उभय लोक सुखदाय नमस्ते।
जित् उपसर्ग जिनेन्द्र नमस्ते, पद पूजित सत् इन्द्र नमस्ते।।9।।

दोहा– **भक्त्याष्टक नित जो पढ़े, भक्ति भाव के साथ।**
सुख सम्पत्ति ऐश्वर्य पा, हो त्रिभुवन का नाथ।।10।।

ॐ ह्रीं श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय जयमाला अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

❋❋❋

अथ प्रथम वलयोपरि पुष्पाजलिं क्षिपेत्।
(अब प्रथम वलय के कोष्ठों पर पुष्पाजलिं क्षेपण करें।)

स्थापना

हे पार्श्व प्रभो ! हे पार्श्व प्रभो ! मेरे मन मंदिर में आओ।
विघ्नों को दूर करो स्वामी, जग में सुख शांति दर्शाओ।।
सब विघ्न दूर हो जाते हैं, प्रभु नाम तुम्हारा लेने से।
जीवन मंगलमय हो जाता, जिन अर्घ्य चरण में देने से।।
हे ! तीन लोक के नाथ प्रभु, जन–जन से तुमको अपनापन।
मम् हृदय कमल में आ तिष्ठो, है 'विशद' भाव से आह्वानन।।

ॐ ह्रीं सर्व कर्म बंधन विमुक्त, सर्व मंगलकारी श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्र अत्रावतरावतर संवौषट् इत्याह्वाननम्।

ॐ ह्रीं सर्व कर्म बंधन विमुक्त, सर्व लोकोत्तम श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्र अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं सर्व कर्म बंधन विमुक्त, जगत् शरण श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्र अत्र मम् सन्निहितो भव–भव वषट् सन्निधिकरणं।

पंचकल्याणक युत पार्श्व प्रभु की पूजा

(त्रिभगी छन्द)

स्वर्गों में रहे, प्राणत से चये, माँ वामा उर में गर्भ लिये।
वसुदेव कुमारी, अतिशयकारी, गर्भ समय में शोध किए।।
श्री विघ्न विनाशक, अरिगण नाशक, पारस जिन की सेव करूँ।
त्रिभुवन के ज्ञायक शिव दर्शायक, प्रभु के पद में शीश धरूँ।।1।।

ॐ ह्रीं सर्व बन्धन विमुक्त, गर्भकल्याणक प्राप्त श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तिथि पौष एकादशि, कृष्णा की निशी काशी में अवतार लिया।
देवों ने आकर बाद्य बजाकर, आनन्दोत्सव महत किया।।
श्री विघ्न विनाशक ..... ।। 2 ।।

ॐ ह्रीं सर्व बन्धन विमुक्त, जन्मकल्याणक प्राप्त श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कलि पौष एकादशि व्रत धरके असि, प्रभुजी तप को अपनाया,
भा बारह भावन अति ही पावन, भेष दिगम्बर तुम पाया।।
श्री विघ्न विनाशक ..... ।। 3 ।।

ॐ ह्रीं सर्व बन्धन विमुक्त, तपकल्याणक प्राप्त श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जब क्रूर कमठ ने, बैरी शठ ने, अहिक्षेत्र में कीन्ही मनमानी।
तब चैत अंधेरी, चौथ सबेरी, आप हुए केवलज्ञानी।।
श्री विघ्न विनाशक ..... ।। 4 ।।

ॐ ह्रीं सर्व बन्धन विमुक्त, कैवल्य ज्ञानकल्याणक प्राप्त श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सित सातै सावन, अतिमन भावन, सम्मेद शिखर पे ध्यान किए।
वर के शिवनारी, अतिशयकारी, आतम का कल्याण किए।।
श्री विघ्न विनाशक ..... ।। 5 ।।

ॐ ह्रीं सर्व बन्धन विमुक्त, मोक्षकल्याणक प्राप्त श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा – **गर्भ जन्म तप ज्ञान शुभ, विशद मोक्ष कल्याण।**
प्राप्त किये जिन देव ने, तिनको करूँ प्रणाम।।6 ।।

ॐ ह्रीं सर्व बन्धन विमुक्त, पंचकल्याणक प्राप्त श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अथ द्वितीय वलयोपरि पुष्पांजलिं क्षिपेत्
(द्वितीय वलय के कोष्ठों पर पुष्पांजलि क्षेपण करें।)

स्थापना

हे पार्श्व प्रभो ! हे पार्श्व प्रभो ! मेरे मन मंदिर में आओ।
विघ्नों को दूर करो स्वामी, जग में सुख शांति दर्शाओ।।
सब विघ्न दूर हो जाते हैं, प्रभु नाम तुम्हारा लेने से।
जीवन मंगलमय हो जाता, जिन अर्घ्य चरण में देने से।।
हे ! तीन लोक के नाथ प्रभु, जन-जन से तुमको अपनापन।
मम् हृदय कमल में आ तिष्ठो, है 'विशद' भाव से आह्वानन।।

ॐ ह्रीं सर्व कर्म बंधन विमुक्त, सर्व मंगलकारी श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्र अत्रावतरावतर संवौषट् इत्याह्वाननम्।

ॐ ह्रीं सर्व कर्म बंधन विमुक्त, सर्व लोकोत्तम श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्र अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं सर्व कर्म बंधन विमुक्त, जगत् शरण श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्र अत्र मम् सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणं।

दस धर्म युत पार्श्व प्रभु की पूजा

(चाल छन्द)

जो रंच क्रोध न लावें, मन में समता उपजावें।
हे ! उत्तम क्षमा के धारी, जन जन के करुणाकारी।।
श्री पार्श्वनाथ जिन देवा, हम करें चरण की सेवा।
हे ! विघ्न विनाशनकारी, हम पूजा करें तुम्हारी।।1 ।।

ॐ ह्रीं सर्वकर्म बन्धन विमुक्त, उत्तम क्षमा धर्म सहित श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनके उर मान न आवे, मन समता में रम जावे।
हे ! मार्दव धर्म के धारी, जन-जन के करुणाकारी।।
श्री पार्श्वनाथ जिन देवा, हम करें चरण की सेवा।
हे ! विघ्न विनाशनकारी, हम पूजा करें तुम्हारी।।2 ।।

ॐ ह्रीं सर्वकर्म बन्धन विमुक्त, उत्तम मार्दव धर्म सहित श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जो कुटिल भाव को त्यागें, औ सरल भाव उपजावें।
वे उत्तम आर्जव धारी, जन-जन के करुणाकारी।।
श्री पार्श्वनाथ जिन देवा, हम करें चरण की सेवा।
हे ! विघ्न विनाशनकारी, हम पूजा करें तुम्हारी।।3 ।।

ॐ ह्रीं सर्वकर्म बन्धन विमुक्त, उत्तम आर्जव धर्म सहित श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जो मन से मूर्छा त्यागें, औ आतम ध्यान में लागें।
वे उत्तम शौच के धारी, जन-जन के करुणाकारी।।
श्री पार्श्वनाथ जिन देवा, हम करें चरण की सेवा।
हे ! विघ्न विनाशनकारी, हम पूजा करें तुम्हारी ।।4 ।।

ॐ ह्रीं सर्वकर्म बन्धन विमुक्त, उत्तम शौच धर्म सहित श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जो मन में हो सो भाषें, तन को उसमें ही राखें।
वे उत्तम सत्य के धारी, जन-जन के करुणाकारी।।
श्री पार्श्वनाथ जिन देवा, हम करें चरण की सेवा।
हे ! विघ्न विनाशनकारी, हम पूजा करें तुम्हारी।।5।।

ॐ ह्रीं सर्वकर्म बन्धन विमुक्त, उत्तम सत्य धर्म सहित श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जो इन्द्रिय मन संतोषें, षट्काय जीव को पोषें।
वे उत्तम संयम धारी, जन-जन के करुणाकारी।।
श्री पार्श्वनाथ जिन देवा, हम करें चरण की सेवा।
हे ! विघ्न विनाशनकारी, हम पूजा करें तुम्हारी।।6।।

ॐ ह्रीं सर्वकर्म बन्धन विमुक्त, उत्तम संयम धर्म सहित श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जो द्वादश विध तप धारें, वसु कर्मों को निरवारें।
वे उत्तम तप के धारी, जन-जन के करुणाकारी।।
श्री पार्श्वनाथ जिन देवा, हम करें चरण की सेवा।
हे ! विघ्न विनाशनकारी, हम पूजा करें तुम्हारी।।7।।

ॐ ह्रीं सर्वकर्म बन्धन विमुक्त, उत्तम तप धर्म सहित श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पर द्रव्य नहीं अपनावें, चेतन में ही रमजावें।
वे त्याग धर्म के धारी, जन-जन के करुणाकारी।।
श्री पार्श्वनाथ जिन देवा, हम करें चरण की सेवा।
हे ! विघ्न विनाशनकारी, हम पूजा करें तुम्हारी।।8।।

ॐ ह्रीं सर्वकर्म बन्धन विमुक्त, उत्तम त्याग धर्म सहित श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जो किंचित् राग न लावें, वो वीतरागता पावें।
वे आकिञ्चन व्रत धारी, जन-जन के करुणाकारी।।
श्री पार्श्वनाथ जिन देवा, हम करें चरण की सेवा।
हे ! विघ्न विनाशनकारी, हम पूजा करें तुम्हारी।।9।।

ॐ ह्रीं सर्वकर्म बन्धन विमुक्त, उत्तम आकिञ्चन धर्म सहित श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जो निज पर तिय के त्यागी, शुभ परम ब्रह्म अनुरागी।
वे ब्रह्मचर्य व्रत धारी, जन-जन के करुणाकारी।।
श्री पार्श्वनाथ जिन देवा, हम करें चरण की सेवा।
हे ! विघ्न विनाशनकारी, हम पूजा करें तुम्हारी।।10।।

ॐ ह्रीं सर्वकर्म बन्धन विमुक्त, उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म सहित श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जो सत् चेतन चित्धारी, निज आतम ब्रह्म बिहारी।
वे क्षमा आदि वृषधारी, जन-जन के करुणाकारी।।
श्री पार्श्वनाथ जिन देवा, हम करें चरण की सेवा।
हे ! विघ्न विनाशनकारी, हम पूजा करें तुम्हारी।।11।।

ॐ ह्रीं सर्वकर्म बन्धन विमुक्त, क्षमादि धर्म सहित श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय पूर्ण अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अथ तृतीय वलयोपरि पुष्पाजलिं क्षिपेत्
(तृतीय वलय पर क्षेपण करें।)

स्थापना

हे पार्श्व प्रभो ! हे पार्श्व प्रभो ! मेरे मन मंदिर में आओ।
विघ्नों को दूर करो स्वामी, जग में सुख शांति दर्शाओ।।
सब विघ्न दूर हो जाते हैं, प्रभु नाम तुम्हारा लेने से।
जीवन मंगलमय हो जाता, जिन अर्घ्य चरण में देने से।।
हे ! तीन लोक के नाथ प्रभु, जन-जन से तुमको अपनापन।
मम् हृदय कमल में आ तिष्ठो, है 'विशद' भाव से आह्वानन।।

ॐ ह्रीं सर्व कर्म बंधन विमुक्त, सर्व मंगलकारी श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्र अत्रावतरावतर संवौषट् इत्याह्वाननम्।

ॐ ह्रीं सर्व कर्म बंधन विमुक्त, सर्व लोकोत्तम श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्र अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं सर्व कर्म बंधन विमुक्त, जगत् शरण श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्र अत्र मम् सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणं।

4 आराधना 16 कारण भावना युत पार्श्व प्रभु की पूजा

(गीता छन्द)

पच्चीस दोष विमुक्त शुभ, अष्टांग सद्दर्शन कह्यो।
जिनदेव आगम मुनिवरों में, हृदय से श्रद्धा गह्यो।
जिन तीर्थ पद पाके बने, सद्भक्त भी भगवान है।
यह तीर्थ पद का मूल है अरु, भव सुखों की खान है।।1।।

ॐ ह्रीं अष्टांग शुद्ध सम्यक्दर्शनाराधनाय सर्व बंधन विमुक्ताय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री द्वादशांग जिनेन्द्र वाणी अष्टांगमय निर्दोष है।
सम्यक् विभूषित आत्म ज्योति, ज्ञान गुण की कोष है।।
जिन तीर्थ पद पाके बने, सद्भक्त भी भगवान है।
यह तीर्थ पद का मूल है अरु, भव सुखों की खान है।। 2।।

ॐ ह्रीं अष्टांग शुद्ध सम्यक्ज्ञानाराधनाय सर्व कर्म बंधन विमुक्त श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पाँचों महाव्रत समिति गुप्ति, मन वचन औ काय हो।
तेरह विधी चारित्र पालें, हृदय से हर्षाय हो।।
जिन तीर्थ पद पाके बने, सद्भक्त भी भगवान है।
यह तीर्थ पद का मूल है अरु, भव सुखों की खान है।। 3।।

ॐ ह्रीं तेरहविध शुद्ध सम्यक्चारित्राराधनाय सर्व कर्म बंधन विमुक्त श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सम्यक् विधि तप तपे द्वादश, बाह्य अभ्यंतर सभी।
निज कर्म क्षय के हेतु तपते, चाह न रखते कभी।।
जिन तीर्थ पद पाके बने, सद्भक्त भी भगवान है।
यह तीर्थ पद का मूल है अरु, भव सुखों की खान है।। 4।।

ॐ ह्रीं द्वादश विधि शुद्ध सम्यक् तपाराधनाय सर्व कर्म बंधन विमुक्त श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दर्शन विशुद्धी भावना शुभ, दोष बिन निर्मल सही।
यह मोक्ष बट का बीज उत्तम, या बिना नहिं शिव मही।।
जो देय तीरथ नाथ पदवी, महामंगल रूप है।
दर्शन विशुद्धि भावना शुभ, शुद्ध सिद्ध स्वरूप है।।5।।

ॐ ह्रीं सर्व दोष रहित दर्शन विशुद्धि भावनायै सर्व कर्म बंधन विमुक्त श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

विनय गुण सद्धर्म का शुभ, मूल तुम जानो सही।
बिन विनय किरिया धर्म की, इस लोक में निष्फल कही।।
जो देय तीरथ नाथ पदवी, महा-मंगल रूप है।
पाऊँ विनय सम्पन्नता जो, शुद्ध सिद्ध स्वरूप है।।6।।

ॐ ह्रीं सर्व दोष रहित विनय सम्पन्न भावनायै सर्व कर्म बंधन विमुक्त श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

निर्दोष अष्टादश सहस व्रत, शील का पालन महा।
अतिचार रहित सुव्रतों की शुभ, भावना में रत रहा।।
जो देय तीरथ नाथ पदवी, महा मंगल रूप है।
शीलव्रत अनतिचार है जो, शुद्ध सिद्ध स्वरूप है।।7।।

ॐ ह्रीं सर्व दोष रहित अनतिचार शीलव्रत भावनायै सर्व कर्म बंधन विमुक्त श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मतिश्रुत अवधि सुज्ञान मनः, पर्यय तथा केवल कहा।
सद्ज्ञान के उपयोग में, जिनका सु मन नित रत रहा।।
जो देय तीरथ नाथ पदवी, महा मंगल रूप है।
मैं जजूं ज्ञानोपयोग ऽभीक्ष्ण जो, शुद्ध सिद्ध स्वरूप है।।8।।

ॐ ह्रीं सर्व दोष रहित अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोग भावनायै सर्व कर्म बंधन विमुक्त श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जो धर्म औ सद्धर्म फल में, हर्ष मय संयुक्त हैं।
जो जगत् दुख मय जानकर, विषयों से पूर्ण विरक्त हैं।।
जो देय तीरथ नाथ पदवी, महामंगल रूप है।
मैं जजूं भाव संवेगता जो, शुद्ध सिद्ध स्वरूप है।।9।।

ॐ ह्रीं सर्व दोष रहित संवेग भावनायै सर्व कर्म बंधन विमुक्त श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ये पाप गिरि के तोड़ने को, सुतप वज्र समान है।
तप ही भवोदधि पार हेतु, विमल अमन विमान है।।
जो देय तीरथ नाथ पदवी, महा मंगल रूप है।
मैं जजूं सम्यक् तप हृदय से, शुद्ध सिद्ध स्वरूप है।।10।।

ॐ ह्रीं सर्व दोष रहित शक्तितस्तप भावनायै सर्व कर्म बंधन विमुक्त श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

है राग आग जलाय सद्गुण, त्याग जग सुखदाय है।
भवि त्याग भाव जगाय उर में, यही मोक्ष उपाय है।।
जो देय तीरथ नाथ पदवी, महामंगल रूप है।
मैं जजूं त्याग सुभावना जो, शुद्ध सिद्ध स्वरूप है।।11।।

ॐ ह्रीं सर्व दोष रहित शक्तितस्त्याग भावनायै सर्व कर्म बंधन विमुक्त श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

या विधि मुनिन को सुख बढ़े, साधु समाधि जानिए।
उपसर्ग परीषह राग भय, बाधा सभी कुछ हानिए।।
जो देय तीरथ नाथ पदवी, महामंगल रूप है।
मैं जजूं साधु समाधि भाव जो, शुद्ध सिद्ध स्वरूप है।।12।।

ॐ ह्रीं सर्व दोष रहित साधु समाधि भावनायै सर्व कर्म बंधन विमुक्त श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

साधु जन की साधना के, विघ्न सारे टालकर।
साधना में हो सहायक, भाव शुभम् संभालकर।।
जो देय तीरथ नाथ पदवी, महामंगल रूप है।
मैं जजूं वैयावृत्ति भाव जो, शुद्ध सिद्ध स्वरूप है।।13।।

ॐ ह्रीं सर्व दोष रहित वैय्यावृत्ति भावनायै सर्व कर्म बंधन विमुक्त श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अतिशय चौंतिस प्रातिहार्य वसु, ऽनन्त चतुष्टय जानिए।
छियालीस गुण संयुक्त निर्मल, भक्ति भाव प्रमानिए।।
जो देय तीरथ नाथ पदवी, महा मंगल रूप है।
मैं जजूं अर्हत् भावना जो, शुद्ध सिद्ध स्वरूप है।।14।।

ॐ ह्रीं सर्व दोष रहित अर्हद् भक्ति भावनायै सर्व कर्म बंधन विमुक्त श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दर्शन सुज्ञान चारित्र तप, अरु वीर्य पंचाचार हैं।
छत्तीस गुण संयुक्त गुरु की, भक्ति जग में सार है।।
जो देय तीरथ नाथ पदवी, महामंगल रूप है।
मैं जजूं आचार्य भक्ति भाव जो, शुद्ध सिद्ध स्वरूप है।।15।।

ॐ ह्रीं सर्व दोष रहित आचार्य भक्ति भावनायै सर्व कर्म बंधन विमुक्त श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रुत ज्ञान द्वादश अंग चौदस, पूर्व धारी जिन मुनी।
पढ़ते पढ़ाते मुनिवरों को, उपाध्याय भक्ती गुणी।।
जो देय तीरथ नाथ पदवी, महा मंगल रूप है।
मैं जजूं बहुश्रुत भक्ति भाव जो, शुद्ध सिद्ध स्वरूप है।।16।।

ॐ ह्रीं सर्व दोष रहित बहुश्रुत भक्ति भावनायै सर्व कर्म बंधन विमुक्त श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

स्याद्वाद युत अनेकांतमय, जिनदेव की वाणी कही।
जो है प्रकाशक चराचर की, विमल जिन वाणी रही।।
जो देय तीरथ नाथ पदवी, महा मंगल रूप है।
मैं जजूं प्रवचन भक्ति भाव जो, शुद्ध सिद्ध स्वरूप है।।17।।

ॐ ह्रीं सर्व दोष रहित प्रवचन भक्ति भावनायै सर्व कर्म बंधन विमुक्त श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

समता सुवन्दन प्रतिक्रमण, व्युत्सर्ग प्रत्याख्यान है।
स्तव सहित षट् कर्म पालन, से ही निज कल्याण है।।
जो देय तीरथ नाथ पदवी, महा मंगल रूप है।
मैं जजूं आवश्यक अपरिहार जो, शुद्ध सिद्ध स्वरूप है।।18।।

ॐ ह्रीं सर्व दोष रहित आवश्यकापरिहार्य भावनायै सर्व कर्म बंधन विमुक्त श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

है मोह का तम सघन जग में, कठिन जिसका पार है।
जिन मार्ग का उद्योत करना, मोक्ष मारग सार है।।
जो देय तीरथ नाथ पदवी, महा मंगल रूप है।
मैं जजूं मार्ग प्रभावना जो, शुद्ध सिद्ध स्वरूप है।।19।।

ॐ ह्रीं सर्व दोष रहित मार्ग प्रभावना भावनायै सर्व कर्म बंधन विमुक्त श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनदेव की वाणी सुनिर्मल, मोक्ष की दातार है।
वात्सल्य प्रवचन शास्त्र में हो, यही सुख आधार है।।
जो देय तीरथ नाथ पदवी, महा मंगल रूप है।
मैं जजूं वात्सल्य भावना जो, शुद्ध सिद्ध स्वरूप है।।20।।

ॐ ह्रीं सर्व दोष रहित वात्सल्य भावनायै सर्व कर्म बंधन विमुक्त श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सम्यक्त्व दर्शन ज्ञान चारित, सद्गुणों के कोष हैं।
श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्र जग में, विघ्नहर निर्दोष हैं।।
जो देय तीरथ नाथ पदवी, महामंगल रूप है।
मैं भाऊँ सोलह भावना जो, शुद्ध सिद्ध स्वरूप है।।21।।

ॐ ह्रीं सर्व दोष रहित चऊ आराधना दर्शन विशुद्धिआदि षोडश भावनायै सर्व कर्म बंधन विमुक्त श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अथ चतुर्थ वलयोपरि पुष्पांजलि क्षिपेत्
(चतुर्थ वलय पर पुष्पांजलि क्षेपण करें।)

पार्श्व प्रभु की पूजा

स्थापना

हे पार्श्व प्रभो ! हे पार्श्व प्रभो ! मेरे मन मंदिर में आओ।
विघ्नों को दूर करो स्वामी, जग में सुख शांति दर्शाओ।।
सब विघ्न दूर हो जाते हैं, प्रभु नाम तुम्हारा लेने से।
जीवन मंगलमय हो जाता, जिन अर्घ्य चरण में देने से।।
हे ! तीन लोक के नाथ प्रभु, जन-जन से तुमको अपनापन।
मम् हृदय कमल में आ तिष्ठो, है 'विशद' भाव से आह्वानन।।

ॐ ह्रीं सर्व कर्म बंधन विमुक्त, सर्व मंगलकारी श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्र अत्रावतरावतर संवौषट् इत्याह्वाननम्।

ॐ ह्रीं सर्व कर्म बंधन विमुक्त, सर्व लोकोत्तम श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्र अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं सर्व कर्म बंधन विमुक्त, जगत् शरण श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्र अत्र मम् सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणं।

32 इन्द्र एवं 8 कुमारी द्वारा पूजित

(जोगी रासा छन्द)

असुर इन्द्र परिवार सहित, जिन पूजन करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे।।1।।

ॐ ह्रीं असुर कुमारेण सपरिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नाग इन्द्र परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे।।2।।

ॐ ह्रीं नागेन्द्र इन्द्र परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

विद्युतेन्द्र परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे।।3।।

ॐ ह्रीं विद्युतेन्द्र परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सुपर्णेन्द्र परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे।।4।।

ॐ ह्रीं सुपर्णेन्द्र परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अग्नि इन्द्र परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे।।5।।

ॐ ह्रीं अग्निइन्द्र परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मारुतेन्द्र परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे।।6।।

ॐ ह्रीं मारुतेन्द्र परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

स्तनितेन्द्र परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे।।7।।

ॐ ह्रीं स्तनितेन्द्र परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सागरेन्द्र परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे।।8।।

ॐ ह्रीं सागरेन्द्र परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीप इन्द्र परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे।।9।।

ॐ ह्रीं दीप इन्द्र परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दिक्सुरेन्द्र परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे ।।10।।

ॐ ह्रीं दिक्सुरेन्द्र परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

किन्नरेन्द्र परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे ।।11।।

ॐ ह्रीं किन्नरेन्द्र परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

किम्पुरुष इन्द्र परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे ।।12।।

ॐ ह्रीं किम्पुरुषेन्द्र परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

महोरगेन्द्र परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे ।।13।।

ॐ ह्रीं महोरगेन्द्र परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

गन्धर्व इन्द्र परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे ।।14।।

ॐ ह्रीं गन्धर्व इन्द्र परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

यक्ष इन्द्र परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे ।।15।।

ॐ ह्रीं यक्ष इन्द्र परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

राक्षस इन्द्र परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे ।।16।।

ॐ ह्रीं राक्षस इन्द्र परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

भूत इन्द्र परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे ।।17।।

ॐ ह्रीं भूत इन्द्र परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पिशाचेन्द्र परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे ।।18।।

ॐ ह्रीं पिशाचेन्द्र परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चन्द्र इन्द्र परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे ।।19।।

ॐ ह्रीं चन्द्र इन्द्र परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रवि इन्द्र परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे ।।20।।

ॐ ह्रीं रविइन्द्र परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सौधर्म इन्द्र परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे ।।21।।

ॐ ह्रीं सौधर्म इन्द्र परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ईशान इन्द्र परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे ।।22।।

ॐ ह्रीं ईशान इन्द्र परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सानतेन्द्र परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे ।।23।।

ॐ ह्रीं सानतेन्द्र परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

माहेन्द्र इन्द्र परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे ।।24।।

ॐ ह्रीं माहेन्द्र इन्द्र परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ब्रह्म इन्द्र परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे ।।25।।

ॐ ह्रीं ब्रह्म इन्द्र परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

लान्तवेन्द्र परिवार सहित, जिनपूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे ।।26।।

ॐ ह्रीं लान्तवेन्द्र परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शुक्र इन्द्र परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे ।।27।।

ॐ ह्रीं शुक्र इन्द्र परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शतारेन्द्र परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे ।।28।।

ॐ ह्रीं शतारेन्द्र परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

आनतेन्द्र परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे ।।29।।

ॐ ह्रीं आनतेन्द्र परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्राणतेन्द्र परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे ।।30।।

ॐ ह्रीं प्राणतेन्द्र परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

आरणेन्द्र परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे ।।31।।

ॐ ह्रीं आरणेन्द्र परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अच्युतेन्द्र परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे ।। 32।।

ॐ ह्रीं अच्युतेन्द्र परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री देवी परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे ।।33।।

ॐ ह्रीं श्री देवी परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ह्रीं देवी परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे ।।34।।

ॐ ह्रीं ही देवी परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

धृति देवी परिवार सहित जिन, पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे ।।35।।

ॐ ह्रीं धृतिदेवी परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कीर्ति देवी परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे ।।36।।

ॐ ह्रीं कीर्ति देवी परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

बुद्धि देवी परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे ।।37।।

ॐ ह्रीं बुद्धि देवी परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

लक्ष्मी देवी परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे ।।38।।

ॐ ह्रीं लक्ष्मी देवी परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांति देवी परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे ।।39।।

ॐ ह्रीं शांति देवी परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पुष्टि देवी परिवार सहित, जिन पूजा करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे ।।40।।

ॐ ह्रीं पुष्टि देवी परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देव इन्द्र वसु देवियाँ, जिन पूजन करने आवे।
विघ्न विनाशक पार्श्वनाथ के, पद पंकज को ध्यावे ।।41।।

ॐ ह्रीं द्वात्रिंशत इन्द्र एवं अष्ट कुमारिका परिवार सहिताय पाद पद्मार्चिताय जिननाथ पद प्रदाय श्री विघ्नहर चंवलेश्वर पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अथ पंचम वलयोपरि पुष्पांजलिं क्षिपेत्। (पंचम वलय पर पुष्पांजलि क्षेपण करें।)

स्थापना

हे पार्श्व प्रभो ! हे पार्श्व प्रभो ! मेरे मन मंदिर में आओ।
विघ्नों को दूर करो स्वामी, जग में सुख शांति दर्शाओ।।
